हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 25 जनवरी 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत की जाने वाली प्रस्तुतियों का...



09 बसंत पंचमी और सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से...



## खबर संक्षेप

### हिंदू सम्मेलन व विशाल भंडारा आज

**विदिशा।** सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन एवं भंडारे का आयोजन रविवार को सरस्वती स्कूल टीला खेड़ी में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे दुर्गानगर स्थित दुर्गा मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्मेलन स्थल सरस्वती विद्यालय पहुंचेगी। इस आयोजन में धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा। सर्व हिंदू समाज ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सह-परिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### छेड़छाड़ के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**विदिशा।** न्यायालय विमलेश मुड़ैया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी को एक वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय 23 जनवरी को पारित किया गया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी वंदना बंसल ने बताया कि घटना 28 जनवरी 2019 की है, जब फरियादिया अपने घर के आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी दौरान आरोपी ने पीछे से आकर बुरी नीयत से उसे पकड़ लिया। पीड़िता के शोर मचाने पर उसके पति व बच्चे मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया।

### ऑडिटोरियम में भारत पर्व का आयोजन कल

**विदिशा।** गणतंत्र समारोह के तहत 26 जनवरी की शाम 6:30 बजे रविंद्रनाथ टैगौर आडिटोरियम में भारत पर्व का आयोजन होगा। जिसमें सांस्कृतिक विभाग से अनुबंधित व जिले के स्थानीय कलाकारों के द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन सांस्कृतिक, देशभक्ति गीतों के माध्यम से किया जाएगा। आयोजन स्थल पर जनसपर्क विभाग के द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत पर्व आयोजन स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका को कुछ ही घंटों में खोज निकाला। 21 जनवरी को गुम हुई बालिका को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

### कैलाश धाम में दो गरीब कन्याओं का विवाह हुआ

**विदिशा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर चिरोड़िया कैलाश धाम में पीठाधीश्वर अंशुल शास्त्री के सान्निध्य में दो गरीब कन्याओं का शुभ मुहूर्त में विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर भंडारा, साधु-संत सम्मान किया गया।

### वन चौकी लखूली में अनुभूति शिविर आयोजित

**विदिशा।** वन चौकी लखूली में



सह-जागरूकता शिविर एवं अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन डीएफओ हेमंत यादव के नेतृत्व में एवं एसडीओ वन हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोद, हाई_कूल बरखेड़ा गंभीर, हाई स्कूल नौलाश एवं शासकीय हाई_कूल झिरनिया के कुल 137 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को को पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संरक्षण का महत्व बताया। लखूली सरपंच अरविंदर गोस्वामी मुख्य अतिथि रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी हरिओम मनु, मास्टर ट्रेनर राजीव श्रीवास्तव, एके खरे ने विद्यार्थियों को वन संरक्षण से संबंधित बहुमूल्य जानकारी दी।

## गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल:पुलिस लाइन में एडीएम ने ली परेड की सलामी, कल प्रभारी मंत्री लखन पटेल फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कल 26 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। शनिवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल (अंतिम अभ्यास) की गई।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मार्च पास्ट और वहां मौजूद व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। रिहर्सल के दौरान जो छोटी-मोटी कमियां सामने आई हैं, उन्हें सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण करेंगे।

पुलिस ग्राउंड पर मिनट टू मिनट आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सुबह 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, सुबह 9 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्र गान, सुबह 9.05 बजे परेड का निरीक्षण, 9.10 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्रातः 9.25 बजे मार्च पास्ट, सुबह 9.35 बजे से छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, प्रातः 10.10 बजे से झांकियों का प्रदर्शन के बाद पुरस्कार बांटे जाएंगे।



### 15 प्लाटून ने किया मार्च पास्ट गूंजे देशभक्ति गीत

फुल ड्रेस रिहर्सल में कुल 15 प्लाटून शामिल हुईं। इनमें जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड, एसएफ, डीएफ, शौर्य दल, एनसीसी (सीनियर-जूनियर) और स्काउट-गाइड के दल प्रमुख थे। सभी ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। परेड में एसएफ और स्कूलों के बैंड भी शामिल किए गए।

### परिवार के लोगों को बंधक बनाकर लूट की वारदात को दिया अंजाम

## लूट का खुलासा: झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर घबराए लुटेरे

**एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार की रात गंजबासौदा से करीब 30 किलोमीटर दूर त्योंदा के पास ग्राम रायखेड़ी में रात्रि करीब 12 से 1 बजे के बीच लुटेरों ने दंपति सहित उसके बेटे को बंधक बनाकर करीब 42 तौला सोना और 11 लाख नगदी सहित डेढ़ किलो चांदी लूट ले गए।

एसपी रोहित काशवानी ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस की सतर्कता से एक आरोपी पकड़ में आ गया। राहतगढ़ पुलिस ने लूटी गई सामग्री बाइक भी बरामद की है। एक लुटेरे की रायखेड़ी में रिश्तेदारी है, जिससे पुलिस को मामले का जल्द खुलासा करने की उम्मीद है। रायखेड़ी गांव के बृजबिहारी कुर्मी जो संपन्न किसान हैं, अपने परिवार के साथ शुक्रवार-शनिवार की रात घर पर थे। लगभग 12.30 बजे अचानक उन्हें छत पर आवाज सुनाई दी। जब वे छत पर गए तो 2 नकाबपोश बदमाश तलवार और कट्टे के साथ उन्हें घेर लिया।

बदमाशों ने उनके हाथ बांध दिए और फिर उनके पुत्र सत्यम व पत्नी ममता के हाथ-पैर भी बांध दिए। लुटेरों ने ममता कुर्मी को धमकाकर पेटी में रखा 40 तौला सोना, डेढ़ किलो चांदी के आभूषण तथा करीब 11 लाख रुपए नकद लूट लिए। लूटपाट के बाद बदमाश पीछे के दरवाजे से भाग निकले।

एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि जांच जारी है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### पुलिस देख बदमाश घबरा गए और बाइक व लूटा माल छोड़ भागे



■ पुलिस को भी नहीं पता था आगे चल रहे लोग लुटेरे हैं।

घटना की सूचना मिलने पर त्योंदा पुलिस, विदिशा की एफएसएल टीम और साइबर सेल ने जांच शुरू की। बदमाश दो बाइक से राहतगढ़ की ओर भागे थे। राहतगढ़ के पिपरिया गांव में पुलिस झगड़े की सूचना पर मौके पर जा रही थी, तभी लूट के बदमाश भी पुलिस के सामने आ गए। पुलिस देख लुटेरे घबरा गए और बाइक व लूटा माल छोड़ भागे। पुलिस ने मौके से बाइक, सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में पता चला कि चार आरोपियों में से एक की रिश्तेदारी रायखेड़ी में है और वह पीड़ित परिवार से परिचित भी है। बाकी आरोपी बहादुरपुर क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। राहतगढ पुलिस बरामद सामग्री की जांच कर रही है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं।

## सूने मकान में ताला तोड़कर 3 लाख का माल ले उड़े चोर



**विदिशा।** चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए चोरों ने पूरा सामान बिखेरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

■ आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, संदिग्धों से भी की जा रही है पूछताछ।

शहर में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुखर्जीनगर रोड स्थित माधव सिटी कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर लगभग 3 लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया। यह घटना शुक्रवार रात हुई।

यह चोरी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स नंदिता के आवास पर हुई। नंदिता नाइट शिफ्ट के लिए मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर थीं। सुबह ड्यूटी कर घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा था, गेट लटका था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर, नगदी और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल से पता चला है कि इस वारदात में तीन चोर शामिल हैं। इनमें से एक चोर बाहर निगरानी करता रहा, जबकि दो चोर घर के अंदर घुसे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। इस चोरी की घटना के बाद इलाके के रहवासियों में असुरक्षा का माहौल है, वहीं पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## अभाविप युवा दिवस पर 20 हजार 207 विद्यार्थियों के साथ किया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अभाविप विदिशा जिले द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में 12 से 23 सितंबर तक राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के 207 स्थानों पर कुल 20 हजार 207 छात्रों ने भाग लिया।

विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालयों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं विभिन्न स्थानों पर दे जवाब-ले नाम प्रतियोगिता, स्वामी विवेकानंद पर भाषण, रक्तगुट परीक्षण कैंप, स्टडी सर्कल, पर्यावरण चेतना यात्रा, न्यूट्रीशन अवेयरनेस, सृजन युवा उत्सव, शोभायात्रा, शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियां आयोजित कीं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और समाज तक स्वामी विवेकानंद के चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश प्रभावी



रूप से पहुंचाया गया। विद्यार्थियों ने विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अभाविप विद्यार्थी परिषद की स्थापना से ही विवेकानंद जी को अपना प्रेरणास्त्रोत मानती आई है। विदिशा जिले में इस प्रकार राष्ट्रीय युवा दिवस भव्यता के साथ मनाया गया और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से जुड़ने का अवसर मिला।

### 207 स्थानों पर 20 हजार से अधिक छात्रों ने की सहभागिता

**विदिशा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में 12 से 23 सितंबर तक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 207 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 20 हजार 207 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। अभाविप द्वारा महाविद्यालयों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर दे जवाब–ले नाम प्रतियोगिता, स्वामी विवेकानंद जी पर भाषण, रक्तगट परीक्षण शिविर, स्टडी सर्कल, पर्यावरण चेतना यात्रा, न्यूट्रीशन अवेयरनेस, सृजन युवा उत्सव, शोभायात्रा, शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन, स्क्रीन टाइम टू ग्रीन टाइम, रस्सा–कस्सी प्रतियोगिता सहित स्टूडेंट फॉर सेवा, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट, राष्ट्रीय कलामंच, खेलो भारत व मेडिविजन जैसे आयामों के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण का संदेश प्रसारित किया गया। विद्यार्थियों ने उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

### विदिशा विधानसभा के अहमदपुर क्षेत्र में निकाली किसान जन आंदोलन यात्रा

## कांग्रेस की प्रदेशव्यापी यात्रा में सैकड़ों किसानों की भागीदारी, समर्थन मूल्य सहित कई मांगें उठाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र कांग्रेस के प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा शनिवार को ब्लॉक अहमदपुर से निकाली गई। ग्राम अहमदपुर कस्बा, सतियाखेड़ी, डंगरवाड़ा, कांकरखेड़ी, बरखेड़ा, सतपाड़ा, करारिया, घाटखेड़ी चौराहा समेत कई गांवों में पहुंची।

किसानों ने फसलों के उचित समर्थन मूल्य, नकली बीज व खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई, मकोडिया डेम के निर्माण, सिंचाई सुविधा, बिजली विभाग के झूठे प्रकरणों को रद्द करने सहित कई मांगें उठाईं। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत



दांगी ने किसानों को संबोधित करते हुए गेहूं-धान का 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य, मक्का की अनिवार्य खरीदी और जंगली जानवरों से फसल नुकसान का मुआवजा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कपूर ने खेती की बढ़ती लागत और सिंचाई के अभाव पर चिंता जताई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह ने क्षेत्र की समस्याएं सामने रखीं।

### बालिका दिवस पर सशक्तीकरण व करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ

## बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने दिए संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ।

यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में सशक्त वाहिनी क्लास से जुड़ी बालिकाओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 100 बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में विधायक



मुकेश टंडन ने कहा कि आज की बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सही मार्गदर्शन, शिक्षा और सुरक्षित वातावरण मिलने पर वे देश और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बालिकाओं के सशक्तिकरण को सतत प्रक्रिया बताते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर बालिका ही सशक्त समाज की नींव होती है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को करियर काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में बालिकाओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, शिक्षित एवं सशक्त बनने का संदेश दिया।

## फर्जी दस्तावेजों से ऋण लेने वाले दोषियों को 5-5 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

■ शाखा प्रबंधक द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट।

फर्जी नाम एवं दस्तावेजों के आधार पर बैंक से केसीसी ऋण लेने के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक धूपसिंह तोमर ने बताया कि 20 जुलाई 2013 को सिंडिकेट बैंक विदिशा शाखा के सहायक प्रबंधक द्वारा थाना कोतवाली विदिशा में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत में बताया गया कि आरोपी महेश अहिरवार निवासी ग्राम कोटरा एवं हीरालाल अहिरवार निवासी करैयाखेड़ा ने गप्पू पुत्र मिश्रीलाल एवं संतोष पुत्र दयालसिंह मैना के नाम से फर्जी ऋण पुस्तिका एवं खसरा दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रत्येक के नाम से डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का केसीसी ऋण प्राप्त किया। जांच में पाया गया कि जिन व्यक्तियों व कृषि भूमि के नाम पर ऋण लिया गया, वे अस्तित्व में ही नहीं थे।

पुलिस द्वारा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कंचन सक्सेना ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए 5-5 वर्ष के कारावास तथा 4-4 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से कालसेन भैरव बाबा छठ मनाई



**गंजबासौदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री काल सेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर बड़ी छठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया, सुबह 9 बजे विशेष पूजन कर दोपहर 12 महाआरती के तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि भैरव बाबा के दरबार में 8 जनवरी 2005 से अखंड ज्योत निरंतर जल रही है।

### शारदा विहार ने अनंत टीम को हराया



**गंज बासौदा।** नगर में आयोजित विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को मुकाबले खेले गए। पहले मैच में शारदा विहार टीम ने अनंत टीम को 11 रनों से हरा दिया। शारदा विहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 89 रनों का लक्ष्य रखा। टीम के ओपनर बल्लेबाज मुकुंद अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 गेंदों पर 65 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनंत टीम के बल्लेबाज शारदा विहार के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए। पूरी टीम निर्धारित 10 ओवर में मात्र 78 रन ही बना सकी। इस मैच में मुकुंद अग्रवाल को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। शनिवार को इस टूर्नामेंट में दो अन्य मैच भी खेले गए। इस अवसर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी तारण तरण पाठशाला ग्राउंड में मौजूद रहे। विधायक कप में गंजबासोदा विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। विजेता टीम को फाइनल जीतने पर 1 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

### पूर्व में खोली थी संकरी गली, अब रेल प्रशासन द्वारा पुराने रास्ते को ही खोला जा रहा

# रेलवे स्टेशन जाने मिलेगा वार्ड 1 और 2 के लोगों को पुराना रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण के बाद वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के रहवासियों को रेलवे स्टेशन आने जाने के लिए बना रास्ता बाउंड्रीवाल बनने से बंद हो गया था। जिसके बाद से ही यहां के रहवासी इस रास्ते को खुलवाने की मांग करते आ रहे थे। गत वर्ष सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद रेलवे ने संकरी गली खोली थी, लेकिन अब रेल प्रशासन पुनः पुराने रास्ते को ही बहाल करने जा रहा है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को काफी राहत मिलने जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व में वार्ड क्रमांक 1 में पुरानी कलारी वाली गली से रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए सीधा रास्ता था। जिससे वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के रहवासी आसानी से रेलवे स्टेशन पहुंच जाते थे। जबकि इसी रास्ते से इन वार्डों में एंबुलेंस, दमकल सहित सभी बडे वाहन भी आ जा सकते थे, लेकिन रेल प्रशासन द्वारा बाउंड्रीवाल उठाने के बाद से यह रास्ता बंद हो गया था। जिसे पुनःखुलवाने के लिए नागरिकों ने कई बार रेल प्रशासन से मांग की थी। रास्ता न खुलने पर जुलाई माह में नगर में आए सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नागरिकों और महिलाओं ने रास्ता खुलवाने की मांग की। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने शीघ्र रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया था। उनके निर्देश के बाद रेल प्रशासन ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव एवं नागरिकों के साथ मिलकर रास्ते का निरीक्षण किया था। तब भी पुराने रास्ते को खोलने पर सहमति बनी थी, हांलाकि उसके बाद नागरिकों को एक संकरी गली से रास्ता दे दिया गया था, लेकिन इस रास्ते से भी सिर्फ पैदल यात्री ही निकल सकते थे और आपातकाल में बडे वाहनों के आने जाने की समस्या जस की तस बनी रही। यहां उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 1 और 2 की बस्ती में जाने के लिए कोई भी मुख्य मार्ग नहीं है, जिससे बडे वाहन बस्ती के अंदर तक पहुंच सकें। ऐसे में बस्ती के घरों तक दूसरे मोहल्लों की गलियों से ही होकर जाना पडता है। इसलिए रहवासी रेलवे स्टेशन वाले मार्ग को खुलवाने की लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। अब रेल प्रशासन ने पुराने रास्ते को ही खोलने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में आईओडब्ल्यू सामंत सिंह ठाकुर ने बताया कि वाणिज्य विभाग की सहमति से पुराना रास्ता खोला जा रहा है और अगले तीन चार दिन में काम पूरा हो जाएगा। जिसके बाद रहवासी पुराने रास्ते से आवागमन कर सकेंगे। इस कार्रवाई से नागरिकों में खुशी है।

## गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत की जाने वाली प्रस्तुतियों का चयन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को नवांकुर विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रस्तुत की जाने वाली प्रस्तुतियों का चयन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या शिल्पांजना शर्मा, अध्यापक दीपक शर्मा और नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उमावि, सेंट एसआरएस उमावि, सीएम राइस विद्यालय राजेंद्र नगर, डॉल्फिन द स्कूल ऑफ विज्डम, स्कॉलर पब्लिक स्कूल पचमा रोड, पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि मंडी, स्पंदन एकादमी, कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, सुभाष निकेतन, वात्सल्य पब्लिक स्कूल तथा न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। उपर्युक्त सभी विद्यालयों की प्रस्तुतियां गणतंत्र दिवस के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड पर दी जावेगी। इस अवसर पर निर्णायकों द्वारा कार्यक्रम निर्देशकों को अनेक सुझाव दिए गए। संदीप रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विश्व हिन्दू परिषद की प्रखंड बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को दोपहर 2 बजे विश्व हिन्दू परिषद की नगर बैठक बालाजी नगर स्थित संगठन के जिला कार्यालय अशोक भवन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए विभाग सत्संग प्रमुख सुरेंद्र ठाकुर ने कहा हम प्रतिवर्ष धर्म रक्षा निधि के माध्यम से धन संग्रह कर संगठन की गतिविधियां संचालित करते हैं इस वर्ष भी 1 से 15 फरवरी तक यह अभियान चलेगा। इस अभियान में प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी स्वयं का समर्पण करें पश्चात समाज से लें। साथ ही उन्होंने आगामी अन्य कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा की एवं हर समिति से साप्ताहिक सत्संग शुरू करने का आह्वान किया। बैठक में जिला सहसंयोजक अन्नू यादव, भजन प्रजापति, नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत मंचासीन थे। बैठक का संचालन प्रखंड मंत्री संजय सिलावट ने किया। इस दौरान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मुस्लिम मोहल्लों को करेगा तिरंगामय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबधित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच इस गणतंत्र दिवस पर मुस्लिम मोहल्लों को तिरंगामय करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत देशभर के 18 हजार से अधिक स्थानों पर तिरंगा झंडा फहराने का कार्यक्रम किया जाएगा। सभी मान्यता प्राप्त मदरसों में भी ये आयोजन होंगे। इसमें इलाकों के प्रबुद्ध मुस्लिम जनों को जोड़ा जाएगा। एमआरएम के सैयद शफाकत हुसैन कादरी राष्ट्रीय सह संयोजक गौ सेवा प्रकोष्ठ के मुताबिक, पिछले साल गणतंत्र दिवस पर देशभर में 12 हजार मुस्लिम बहुल इलाकों में देशभक्ति आधारित कार्यक्रम किए गए थे। इस साल इसे 18 हजार स्थानों पर पहुंचाने का लक्ष्य है। अभियान की तैयारी के लिए मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी सहित गणतंत्र दिवस पर 18 हजार मुस्लिम बहुल इलाकों में तिरंगा झंडा फहराया जाऐगा। मंच के सैयद सरवर अली, शेख शकील अहमद ने बताया कि इस आयोजन में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'सर्व शक्तिमान भारत' 'विकसित भारत ' का संकल्प दिलाया जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म तिथि 23 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इस आयोजन में जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ बंगाल को प्रमुखता पर रखा गया है। राष्ट्रीय विचारधारा के इस संगठन की पहुंच देश के सभी जिला , ब्लाक , गांव-गांव स्तर तक पहुंच चुकी है। आजादी के अमृत महोत्सव काल में इस बार के गणतंत्र दिवस आयोजन में मुस्लिम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान से भी परिचित कराया जाएगा।
इसके लिए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 तक हुए स्वाधीनता के आंदोलन में मुस्लिम समाज के योगदान को रेखांकित किया जाएगा। काजी साहब सैयद शोएब हुसैन ने बताया कि कार्यक्रमों में उन्हें भी याद किया जाएगा जो चीन, पाकिस्तान से हुऐ युद्ध में शहीद हुऐ सैनिकों, आतंकवादी , खालिस्तानी , नक्सल आतंकवाद में शहीद हुए सेना, पुलिस के जवानों, नागरिकों की शहादत एवं उनकी वीरता को भी याद किया जाऐगा ।

## सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में तथा सीएसी किंडले के माध्यम से महाविद्यालय में तीन दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम से निश्चित ही डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराध, मोबाइल हैकिंग ,ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसी समस्याओं से महिलाओं और बच्चियों और परिवार को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत छात्राओं को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी शिव कुमारी रघुवंशी सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन ने किया।

## किसान की बेटी फिल्म में नजर आएंगे स्थानीय कलाकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में बनने जा रही फिल्म किसान की बेटी के लिए पिछले दिनों फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं अन्य लोगों द्वारा नगर में ऑडिशन टेस्ट लिया गया। जिसमें करीब 50 कलाकारों ने टेस्ट दिया और इन सभी को फिल्म में काम करने के लिए चुन लिया गया है। उक्त जानकारी फिल्म के लेखक, निर्माता रामसजन मौर्य और सह निर्मात्री विभा अंजनी कुमार सिंह ने अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उनके साथ स्थानीय प्रबंधक प्रेमपाल सिंह चौहान, कलाकार अमित मेहता, शैलेन्द्र सक्सेना भी मौजूद रहे। फिल्म लेखक निर्माता रामसजन मौर्य ने बताया कि किसान और बेटियों के मुद्दे पर यह फिल्म बनाई जा रही है। जिसमें प्रमुख कलाकारों का चयन अलग से किया जाएगा। जबकि सह कलाकारों का चयन यहां से किया जा रहा है। फिल्म का बजट करीब एक करोड रूपए है, जो बढ भी सकता है। अनुमति मिलने के बाद आगामी मार्च माह से सूटिंग शुरू की जा सकती है। इस फिल्म को स्थानीय लोकेशन पर ही फिल्माया जाएगा।

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




स्थानीय कमलदीप एकेडमी त्योंदा रोड पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मानव अधिकार स्वास्थ्य संगठन भारत के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर एके जैन, समाज सेविका शिल्पा जालोरी, निशा जालोरी, प्रवीणा जैन, संस्था सचिव मंजू जैन, कविता अग्रवाल के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं, जिनकी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने, पालकों ने अतिथियों ने खूब प्रशंसा की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत, शिक्षक की गरिमा, देश भक्ति, राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, कठपुतली नृत्य, भगवान कृष्ण की आराधना, हिंदुत्व का बखान, अनेकता में एकता का दृश्य परिलक्षित किया गया। वहीं संस्था द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं मेडल से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा आयोजित वर्ष भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आए छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, ट्राफी देकर प्रोत्साहित किया गया। संस्था प्रधान राम मनोहर सिंह ने श्रेष्ठ शिक्षिका संजना रश्मि गोस्वामी को आदर्श शिक्षक का अवार्ड प्रदान किया। सभी अतिथियों ने संस्था द्वारा आयोजित भव्य समारोह में समर्पित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को श्रेय प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिल्पा जालोरी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को भविष्य के राष्ट्र निर्माण में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन रक्षा जैन ने एवं आभार संस्था संचालक निर्मल जैन ने किया।

## राजेंद्र नगर मार्ग पर नाले का निर्माण कार्य शुरू



**गंजबासौदा।** राजेंद्र नगर बरींघाट रोड पर नाले के निर्माण कार्य शुरू हो गया। एमपीआरडीसी के ठेकेदार ने काम की शुरुआत की। निर्माण में बाधा बने अतिक्रमण को 26 जनवरी के बाद हटाया जाएगा। जो लोग पहले दिए गए आश्वासन के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा रहे, उनके खिलाफ नगर पालिका और प्रशासन मिलकर सख्त कार्रवाई करेगा। काम शुरू होते ही सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण हटाकर रास्ता साफ किया जाएगा। बस्ती के करीब 90 प्रतिशत लोग नाले के निर्माण के पक्ष में हैं। उन्होंने खुद निर्माण के लिए जगह देने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद कुछ लोग अतिक्रमण बचाने के लिए दबाव बना रहे हैं। इससे परियोजना बार-बार रुक रही है। पिछले दो साल से लोग जलभराव, गंदगी और आने-जाने की परेशानी झेल रहे हैं। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों के बाद एमपीआरडीसी ने नाले के निर्माण को मंजूरी दी है। अधिकतर लोग चाहते हैं कि काम जल्दी पूरा हो, ताकि राहत मिल सके। नालों की चौड़ाई कम से कम तीन फीट भविष्य की जरूरतों और बढ़ती आबादी को देखते हुए नाले का डिजाइन ऐसा बनाया जा रहा है, जिसे मशीनों से साफ किया जा सके। सड़कों के किनारे बनने वाले नालों की चौड़ाई कम से कम तीन फीट रखी जा रही है। इससे छोटी जेसीबी से सफाई आसान होगी। बरसात में जलभराव कम होगा और सफाई नियमित हो सकेगी। वार्ड पार्षद मूलचंद अहिरवार ने बताया कि ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है। अतिक्रमण हटते ही निर्माण कार्य तेज किया जाएगा।

### बसंत पंचमी पर हुआ मां सरस्वती का पूजन अर्चन, किए गए कई आयोजन

## आचार्य विद्यावैली हायर सेकंडरी स्कूल में कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र, छात्राओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ मां सरस्वती का पूजन किया एवं सभी ने इस अवसर पर पीले वस्त्र धारण कर सरस्वती जी की पूजन अर्चना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बुद्धि, विद्या और हम सबको विवेक प्रदान करने वाली देवी मां भगवती सरस्वती की उपासना और आराधना का पर्व बसंत पंचमी है। इस दिन पीले वस्त्र पहनकर पूजन किया जाता है। साथ ही आज पीले चावल की खिचड़ी खाने का भी महत्व है। साथ ही आज सकल जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र , छात्राओं द्वारा शांतिधारा पंचगव्य अनुसंधान केंद्र द्वारा निर्मित विद्या ब्राह्मी कल्प औषधि का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री अनीता प्रणय जैन के द्वारा सभी बच्चों को एवं राहगीरों को दवा पिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, आचार्य विद्या वैली जन सेवा समिति के सदस्य अशोक जैन, पंकज जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित आचार्य विद्या वैली परिवार के साथ ही विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं, अभिभावकगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनीता प्रणय जैन एवं सकल जैन समाज के महामंत्री सतीश जैन द्वारा संचालन किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज एवं महिला मंडल की समस्त मातृशक्ति उपस्थिति रही।

### श्रमदान दल का सफाई अभियान आज



**गंज बासौदा।** श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 16 वां चरण रविवार को बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर सुबह 7. 30 से 9. 30 बजे आयोजित किया जा रहा है। श्रमदान दल ने सभी नगरवासियों से आग्रह हैं कि बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जुड़े, नदी जल स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण अभियान में साझेदार बने और नदियों जलाशयों की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंवे।

## छात्रावास में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उदयपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास में एक प्रेरणादायी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीओपी शिखा भलावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि एसडीओपी शिखा भलावी ने छात्रावास की बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मविश्वास, शिक्षा और समान अवसरों के महत्व पर प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं से संबंधित अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा उनके संरक्षण हेतु बनाए गए कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उनके उद्बोधन ने बालिकाओं में अपने अधिकारों को जानने और आगे बढ़ने का उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और रस्सी कूद प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की पूर्व छात्रा मनीषा दांगी को रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ में चयनित होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी सफलता को छात्रावास की वर्तमान छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रावास की अधीक्षिका द्वारा एसडीओपी शिखा भलावी का आभार व्यक्त किया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में अनियमितताओं का आरोप, आप ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# 'कम पढ़े-लिखे, राजनीतिक जानकारी से दूर सामान्य नागरिकों को गुमराह कर फंसाया'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विधानसभा क्षेत्र सिरोंज में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आम आदमी पार्टी ने मतदाता सूची में अनियमितताओं, फर्जी फॉर्म-07 के उपयोग और राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। वही आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पारदर्शिता का पालन नहीं किया जा रहा है और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। पार्टी को प्राप्त शिकायतों के अनुसार, कुछ लोगों द्वारा बिना संबंधित मतदाताओं की जानकारी और सहमति के फॉर्म-07 भरकर नाम काटने का प्रयास किया गया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ों पर सीधा हमला है।

### बीएलओ की भूमिका पर भी उठे सवाल

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में कुछ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता बीएलओ के सहयोगी बनकर कार्य करते नजर आए, जो सीधे-सीधे निर्वाचन प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप की श्रेणी में आता है। वही आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया है कि क्या बीएलओ अपने दायित्वों का स्वतंत्र रूप से निर्वहन कर रहे हैं। क्या मतदाता सूची में हेरफेर कर किसी विशेष राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि फॉर्म-07 के तहत किए गए सभी आवेदनों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराई जाए। जिन मामलों में मतदाताओं की सहमति नहीं है, उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए। बीएलओ के कार्य में राजनीतिक हस्तक्षेप करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए जनता के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। साथ ही उन्होने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### सिरोंज में मतदाता सूची से छेड़छाड़ का आरोप

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता रजत सक्सेना ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने के लिए फर्जी तरीके से फॉर्म-07 भरवाए जा रहे हैं, और इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होने कहा कि जिन घरों में भाजपा का वोट बैंक कमजोर या शून्य है, उन घरों के मतदाताओं के नाम काटने के लिए बिना जानकारी और सहमति के फॉर्म-07 भरे जा रहे हैं।

## फॉर्म-7 विवाद पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई अवैध आपत्तियों से बचाए गए मतदाताओं के नाम

### एसडीएम के कार्य पर मुस्लिम समाज ने जताया आभार



**सिरोंज।** विधानसभा क्षेत्र सिरोंज में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के अंतर्गत फॉर्म-7 के माध्यम से दर्ज की जा रही संदिग्ध आपत्तियों को लेकर उठे सवालों पर प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए त्वरित और सराहनीय कदम उठाया है। मामले का संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने एक विशेष जांच टीम का गठन कर जमीनी स्तर पर सर्वे कराया, जिससे कई मतदाताओं के नाम अवैध रूप से कटने से बचाए जा सके। एसडीएम के निर्देश पर गठित टीम में एक राजस्व पटवारी एवं दो बीएलओ को शामिल किया गया। टीम द्वारा संबंधित वार्डों में भौतिक सत्यापन कर यह जांच की गई कि फॉर्म-7 के जरिए दर्ज की गई आपत्तियां वास्तविक हैं या फिर बिना जानकारी एवं आधार के की गई हैं। सर्वे के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में मतदाताओं को स्वयं यह जानकारी नहीं थी कि उनके नाम पर कोई आपत्ति दर्ज की गई है।

## विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं पर दर्ज फर्जी आपत्तियों की जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर भीम आर्मी ने सौपा ज्ञापन



**सिरोंज।** सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई वार्डों तथा ग्राम मुगलसराय, बलरामपुर, मुरवास सहित अन्य मुस्लिम बाहुल्य ग्रामों में मतदाता सूची परीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में फर्जी आपत्तियाँ दर्ज कराई गई हैं। केवल सिरोंज क्षेत्र में ही लगभग 3000 से अधिक फर्जी आपत्तियाँ सामने आई हैं। जब संबंधित मतदाताओं से इस विषय में चर्चा की गई, तो अधिकांश ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। भीम आर्मी ने एसडीएम को ज्ञापन सौपकर मांग करते हुए कहा कि यह तथ्य गंभीर प्रश्न उत्पन्न करता है कि इन फर्जी आपत्तियों को किसने और किसके इशारे पर दर्ज कराया गया। क्या यह कृत्य किसी वर्ग विशेष के मताधिकार को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश नहीं है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करते हुए एक विशेष समुदाय को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो लोकतंत्र की मूल भावना और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

## कॉलेज में किया गया आयोजन

# बसंत पंचमी और सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत माँ सरस्वती का प्राकट्योत्सव वसन्त पंचमी एवं भारतीय स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा माँ सरस्वती एवं सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

सर्वप्रथम सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात डॉ. अभिषेक चौहान के द्वारा वसन्त पंचमी के सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि वसन्त पंचमी का उत्सव भारतीय संस्कृति में अध्ययन तथा कला के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज के ही दिन छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कर उन्हें अक्षर-ज्ञान कराया जाता है। वसन्त के आगमन पर प्रकृति में भी कुछ परिवर्तन होते हैं जो व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा तथा उमंग का संचार करते हैं। इस ऋतु में मानव के कुछ हार्मोंस में रासायनिक परिवर्तन होते हैं जिनकी प्रतिक्रिया स्वरूप आनन्द का अनुभव होता है अतः वसन्त पंचमी वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। इसके पश्चात प्रो. अनामिका ठाकुर ने कहा कि देवी सरस्वती मानव को आज्ञान से मुक्त कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है तथा उसमें चेतना का संचार करती हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली ने बताया कि पौराणिक मान्यता अनुसार ब्रह्मा जी के मानस से ज्ञान एवं कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का प्राकट्य हुआ है जो की सर्वप्रमुख तीन देवियों सरस्वती दुर्गा तथा लक्ष्मी में अग्रगण्य हैं। साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन दर्शन को भी संक्षिप्त में प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में प्रो. एस. आर. तिवारी ने वसन्त पंचमी के महत्व पर आधारित कविता का पाठ किया एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किए। वसन्त पंचमी के उपलक्ष में महाविद्यालय में लोकगीत गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## 10 लाख की लागत के शिव-पार्वती सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सुभाष नगर एवं तुलसी नगर वार्ड में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित शिव–पार्वती सामुदायिक भवन का लोकार्पण सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस सामुदायिक भवन की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी, जिसे विधायक जैन के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि सुभाष नगर एवं तुलसी नगर वार्ड उनके अपने वार्ड हैं, जो लंबे समय तक विकास से अछूते रहे। पिछले 10–15 वर्षों को छोड़ दिया जाए तो इससे पहले यहां विकास कार्य लगभग नगण्य थे। उन्होंने कहा कि अब यह दोनों वार्ड निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और यहां निवास करने वाले अहिरवार समाज एवं अन्य समाज के नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि आज सागर जिस तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, उस पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। हमारे जनप्रतिनिधि आम जनता की भावनाओं को समझते हुए कार्य करते हैं और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं।

## विधिक साक्षरता शिविर में छात्रों को मिला कानून का ज्ञान, अपर सत्र न्यायाधीश ने किया मार्गदर्शन



**सिरोंज।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा शनिवार को निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडेय ने की। शिविर को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने विद्यार्थियों को विधिक एवं कानूनी विषयों की जानकारी देते हुए उनके मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा कानून के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कानून की सही जानकारी ही समाज को न्यायपूर्ण और सशक्त बनाती है तथा युवा पीढ़ी को शुरू से ही अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में नायब नाजिर अमित चौबे, पी.एल.वी. समीर कुरैशी, आहद पठान सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को विधिक ज्ञान अपनाने, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने और समाज में न्याय के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने कानून से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समाधान किया। आयोजन को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया गया।

# सरस्वती पूजन करके मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

- स्वयं के व्यय से सेवा निवृत्त अधिकारी करा रहे निर्माण।

भोंरासा क्षेत्र के ग्राम खिरिया स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इसी अवसर पर कृषि विभाग में एसएडीओ पद से सेवानिवृत्त अधिकारी मुकुट सिंह नरवरिया द्वारा अपने स्वयं के व्यय से विद्यालय परिसर में मां सरस्वती के मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ जन अमर सिंह, भगत लोधी, अतल सिंह लोधी, लल्लू लोधी, जनपद सदस्य विनय सिंह लोधी, कामता प्रसाद लोधी, ओमप्रकाश पाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मुकुट सिंह नरवरिया के इस सराहनीय एवं पुण्य कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय परिवार ने भी मंदिर निर्माण को विद्यार्थियों के लिए संस्कार, शिक्षा एवं आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### 26 को जिलेभर की शराब दुकानें रहेंगी बंद

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सोमवार को जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता के द्वारा जारी किए गए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सोमवार को विदिशा जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानो से मदिरा विक्रय एवं मद्य भंडागारों से मदिरा परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संबंधितों को जारी आदेश का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

# प्रतियोगिता में जिले ने लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



खेलो एमपी यूथ गेम्स की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की कबड्डी ,वालीबाल ,बास्केटबाल बैडमिंटन, फुटबॉल, रस्साकसी और पिट्ठू की जिलास्तर पर विजेता टीमों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें संभाग स्तर पर पिट्ठू में बालक वर्ग विजेता तथा बालिका वर्ग उप विजेता रही और रस्साकसी बालक वर्ग विजेता रहे। वॉलीबॉल में बालिका वर्ग विजेता रही। बास्केटबॉल में बालक वर्ग उपविजेता रहे। कबड्डी में बालिका वर्ग उप विजेता रही, एवं फुटबॉल की बालक वर्ग की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया की संभाग स्तर पर जीतने वाली टीम 27 जनवरी से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगी।

### झांकियों के संचालन के लिए अधिकारी नियुक्त

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउंड विदिशा में आयोजित समारोह दौरान विभागीय झांकियों के सुव्यवस्थित प्रदर्शन के लिए 12 विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि उक्त चलित झाँकियो के सफल संचालन हेतु पीएचई के कार्यपालन यंत्री अनुपम गहोई को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 12 अधिकारियो की ड्यूटी लगाई है।

# भैरों बाबा के दर्शनों के लिए लगी हजारों भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

माह माघ की बड़ी छठ के अवसर पर भैरों मंदिर नटेरन पर दर्शनों के लिए जमावड़ा लगा रहा।

सुबह से ही मंदिर की आकर्षक ध्वज पताका से साज सज्जा की गई विदिशा, गुलाबगंज, बासौदा, बैरसिया, रायसेन, इंदौर, ग्वालियर राजगढ़, सागर अन्य कई जगह से दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालू भक्त पूजन अर्चन के लिए उपस्थित हुए। मान्यता है कि मंदिर के बीच सीढ़ी पर जो माथा टेक कर अपने मनोकामना बोलता है वह अवश्य पूरी होती है ऐसा पुराने लोगों का मानना और कहना ह मनोकामना पूर्ण होने पर यहां श्रद्धालू भक्त प्रसाद चढ़ाते हैं और भंडारा करवाते हैं ।आयोजन समिति द्वारा लगभग 4 से 5 हजार लोगों को बैठाकर भोजन प्रसादी करवाई गई। प्रतिवर्ष यह आयोजन बड़े धूमधाम से होता है रात्रि के समय भव्य आरती होती है। इस दिन छोटे छोटे बच्चों के मुंडन भी कराए जाते हैं। संतान प्राप्ति के लिए जो अर्जी लगाते हैं। उनकी कामना पूर्ण होने पर पलना भी चढ़ाए जाते हैं। मंदिर के महंत जुगल किशोर द्वारा श्रद्धालु भक्तों के लिए आंटी की बेल बनाकर दी जाती है। जिससे रोगों से मुक्ति मिलती है।

# सेन समाज ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



सामाजिक न्याय के पुरोधा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर विदिशा सेन समाज परिवार द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

यह आयोजन अग्रवाल संत धर्मशाला में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने शोषित, वंचित, पिछड़े वर्गों तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतनिष्ठ राजनीति आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सत्ता को नहीं, बल्कि सदैव सिद्धांतों और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। प्रमुख रूप से रितेश सेन, सौरभ सराठे, चेतन सेन, उमेद बाबू सेन, मनीष सेन, पंकज सेन, गौरव सेन, सत्यम सेन, प्रेम सिंह सेन, जीवन सेन, माखन सेन, प्रदीप सेन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## विधायक मीणा ने करोड़ों के कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

# ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई को लेकर विधायक ने दोहराया संकल्प, कई गांवों को मिली विकास की नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद



क्षेत्र में ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने ग्राम पंचायत बीलखेड़ी सहित विभिन्न गांवों में लाखों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

ग्राम पंचायत बीलखेड़ी में 37 लाख की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन का विधिवत भूमिपूजन विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि उनका पहला संकल्प क्षेत्र के हर किसान को समृद्ध बनाना है। गांव-गांव तक सिंचाई सुविधाएं पहुंचाकर खेती को मजबूत किया जाएगा। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं हर ग्रामीण तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही उद्देश्य है। इस अवसर पर सरपंच जानकी कंवर बहादुर सिंह राजपूत, सरपंच लीला बाई तूफान सिंह अहिरवार, भाजपा नेता मनमोहन यादव, शैलेन्द्र ठाकुर, यशपाल रघुवंशी, कमलेश मेहर, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष धाकड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का भूमिपूजन

- ग्राम पंचायत बीलखेड़ी में पंचायत भवन निर्माण : 37 लाख रुपए।
- बरखेड़ा जागीर में हायर सेकेंडरी स्कूल बाउंड्री वॉल निर्माण : 15 लाख रुपए।
- ग्राम बरखेड़ी में स्कूल भवन निर्माण : 18 लाख 25 हजार रुपए।

### इन कार्यों का लोकार्पण

- ग्राम बरखेड़ी में आंगनबाड़ी भवन निर्माण : 9 लाख 50 हजार रुपए।
- संत रविदास भवन छत निर्माण : 3 लाख रुपए।
- ग्राम पंचायत भवन बरखेड़ा जागीर बाउंड्री वॉल निर्माण : 5 लाख रुपए।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटारी खेजड़ा में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम स्तुति से हुई। इसके बाद श्री हनुमान चालीसा पर आधारित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, गुलाबगंज मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग, ग्यारसपुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, ग्राम सरपंच रामदयाल अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य बलराम रघुवंशी ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्री टंडन ने बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में सीसी रोड एवं नाली निर्माण विधायक निधि से स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### मां नर्मदा को समर्पित करेंगे 151 मीटर चुनरी

**सिलवानी।** तहसील के चून्हेटिया ग्राम से 151 मीटर लंबी चुनरी लेकर श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मॉ नर्मदा तट बौरास के लिए रविवार की सुबह प्रस्थान करेगें। लगातार चौथे वर्ष चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार श्री खेरापति माता मंदिर समिति चून्हेटिया के द्वारा आयोजित चुनरी यात्रा रविवार को सुबह के समय पूजन अर्चन के बाद विधिवत रुप में प्रारंभ होगी। जो कि भानपुर, गोरखा, चंदन पिपरिया, उदयपुरा सहित अन्य ग्रामों से गुजरती हुई शाम के समय नर्मदा तट बौरास घाट पहुचेंगी। जहां मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर चुनरी को मां नर्मदा के चरणों में अर्पित की जाएगी। आयोजक समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहभागिता करने आग्रह किया है।

### पांच हजार का इनामी तस्कर हुआ गिरफ्तार

**सलामतपुर।** थाना पुलिस ने 4 महीने से 9 लाख रुपए कीमत की 120 पेटी अवैध विदेशी शराब के मामले में फरार 5 हज़ार का इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी मोनू वर्मा पिता चिंतामणि 39 निवासी कुंदन नगर बागमुगालिया भोपाल की लोकेशन मिलने के बाद पुलिस ने दो दिन की कड़ी मशक्कत से सूखी सेवनिया से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव और आरक्षक सौरभ रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शनिवार को आरोपी मोनू वर्मा को रायसेन न्यायालय में पेश किया। गौरतलब है कि पुलिस ने 19 सितंबर को दीवानगंज फैक्ट्री चौराहे के रागनी ढाबे के सामने से एक ट्रक एमपी 04 वायपी 5603 को रोका तो ड्रायवर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया था।

### ताला तोड़कर घर में घुसे चोर, नकदी-जेवरात चोरी

**रायसेन।** शहर की वीआईपी कॉलोनी वार्ड क्रमांक-4 में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने एक सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी को उसके कमरे में बाहर से बंद कर दिया और दूसरे कमरे से चांदी के जेवरात व करीब 50 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए। एसडीओपी नीलम चौधरी के जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारी मुलायम सिंह नोरिया के घर चोरों ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा। इसके बाद अंदर के गेट और सेंट्रल लॉक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। चोर सीढ़ियों के रास्ते ऊपर पहुंचे और अलमारी में रखे चांदी के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए।

## कलेक्टर-एसपी व एसडीओपी ने समारोह की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# फाइनल परेड रिहर्सल : एक साथ कदम मिलाते हुए चले 13 प्लाटून कमांडर, सहायक कलेक्टर ने ली सलामी



### शासकीय गर्ल्स स्कूल परिसर में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल शनिवार को शहर के सागर रोड स्थित शासकीय गर्ल्स स्कूल परिसर में संपन्न हुई। रिहर्सल के दौरान जिला पुलिस बल सहित कुल 13 प्लाटूनों ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया।

वहीं स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। फाइनल रिहर्सल के दौरान कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एवं एसपी आशुतोष गुप्ता के साथ एसडीओपी नीलम चौधरी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने समारोह की तैयारियों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण



कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहायक कलेक्टर एवं जनपद पंचायत बेगमगंज के सीईओ कुलदीप पटेल ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर एडीएम मनोज उपाध्याय, एएसपी कमलेश खरपुसे, एसडीएम मनीष शर्मा, पीडब्ल्यूडी ईई वीके सूत्रकर, सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे, डीईओ डीडी रजक, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री करेंगे झंडावंदन

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शासकीय कन्या विद्यालय मैदान में आयोजित होगा। इसमें जिले के प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पवार सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम की अवधि लगभग दो मिनट निर्धारित की गई है।

इस अवसर पर विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसपी आशुतोष गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, एसडीएम मनीष शर्मा एवं तहसीलदार भरत सिंह मंडले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## मावठा गिरने से किसानों के खिले चेहरे, बारिश की संभावना

# बर्फीली हवा ने फिर बढ़ाई ठंडक, कई क्षेत्रों में हुई बूंदाबांदी से छाने लगा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार अलसुबह मानपुर, दुर्गपुरा और करपाट क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। तड़के से शुरू हुई हल्की बूंदाबांदी मावठे की बारिश में तब्दील हो गई। इसके साथ ही चली बर्फीली हवा ने ठंड और गलन को और बढ़ा दिया। मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। मौसम के इस असर से जनजीवन प्रभावित नजर आया। बाजारों और चौराहों पर सामान्य दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही कम रही। सुबह काम पर निकलने वाले मजदूर और राहगीर ठंड से बचाव करते दिखे। कई स्थानों पर लोग अलाव के सहारे हाथ सेंकते नजर आए।

वहीं, इस ठंडक और मावठे की बारिश से किसानों ने राहत की उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि इससे रबी सीजन की फसलों को फायदा मिल सकता है। बदलते मौसम को देखते हुए लोगों ने फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।



### बूंदाबांदी की मावठ से बढ़ी सर्दी

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को अलसुबह से मौसम में अचानक करवट लेते हुए घने बादलों की गर्जना और तेज बिजली चमकने के साथ मावठे बूंदाबांदी की बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी है। मौसम में आए इस बदलाव से जनजीवन प्रभावित हुआ। ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया। ग्रामीण इलाकों में किसान भी मौसम के मिजाज को देखते हुए सतर्क दिखे। हालांकि इस बारिश से फसलों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण हुआ है। आगामी घंटों में भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है।

### आसमान में घने बादलों का लगातार डेरा फिर भी ठंड का जोर

**बरेली।** जनवरी में मौसम के बदलते रूपों के कारण लोगों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। पिछले 4-5 दिनों से आसमान में लगातार घने बादलों का डेरा बना रहने के साथ अब शीत लहर चलने और तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। शीत का प्रकोप बढ़ते ही अलाव की सघनता और रूख बना हुआ है। उससे बारिश की संभावना से किसान फसलों के भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे है।

मकर संक्रांति के बाद ठंड का जोर कमजोर होने के साथ सूर्य की किरणों में तेजी आती थी, कुछ दिन ऐसा मौसम भी रहा। परन्तु पिछले 4-5 दिनों से आसमान में लगातार बादलों का डेरा रहने के साथ अब हिमालय की बर्फवारी के असर से ठंडी हवाओं का प्रकोप शुरू हो गया है। मौसम ठंडा होने का असर फसलों, जानवरों एवं इन्सानों की सेहत पर पड़ रहा है। जरा सी असावधानी बीमार होने का कारण बन रही है।

### मौसम परिवर्तन का असर

## सर्दी-खांसी व जुकाम के मरीजों की बढ़ी संख्या



**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में तीन दिनों से लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। 3 दिन से काउंटर पर मरीजों की संख्या में खासा बढ़ोतरी हुई है।

क्षेत्र में मौसम में अचानक बदलाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव और ठंडी हवा के चलते सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। सरकारी अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पर्ची काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष तक लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ गया है।

### डॉक्टरों ने कहा बदलते मौसम में सेहत का रखें ख्याल

डॉक्टरों के अनुसार मौसम बदलने पर वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में बीमारी का खतरा अधिक रहता है। चिकित्सकों ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने, साफ-सफाई रखने और समय पर इलाज कराने की सलाह दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह-शाम ठंड और दिन में गर्मी के कारण शरीर बीमारियों की चपेट में आ रहा है, जिससे गांव-कस्बों में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

## शाहपुर सुल्तानपुर ग्राम पंचायत का मामला

# निर्माण कार्यों में नियमों के उल्लंघन पर सचिव निलंबित

**सरपंच, उपयंत्री, सहायक यंत्री तथा ग्राम रोजगार सहायक को थमाया कारण बताओ सूचना पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की बेगमगंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत शाहपुर सुल्तानपुर के जलगंगा संवर्धन के खेत तालाब एवं सीसी रोड निर्माण की शिकायत पर प्रभारी जिला पंचायत सीईओ मनोज उपाध्याय द्वारा जांच दल गठित कर जांच के आदेश दिए थे।

जांच दल ने पंचायत शाहपुर सुल्तानपुर में मौके पर निरीक्षण किया तथा अभिलेखों के निरीक्षण में पाया कि निर्माण कार्यो की राशि अग्रिम रूप से आहरित कर बाद में निर्माण कराना, नियमों का उल्लंघन तथा लापरवाही मिली।

जिपं सीईओ उपाध्याय द्वारा ग्राम पंचायत शाहपुर सुल्तानपुर के सचिव जयकुमार जैन को अपने पदीय दायित्वों का दुरुपयोग एवं सरकारी कामों में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है।

साथ ही पंचायत की सरपंच शोभारानी, उपयंत्री जनपद पंचायत बेगमगंज मनोज राय, सहायक यंत्री अभिषेक पवार तथा ग्राम रोजगार सहायक दीपिका तिवारी को कारण बताओ नोटिस देकर 30 जनवरी को अनिवार्य रूप से जिपं सीईओ के समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने निर्देश दिए हैं।

## नर्मदा मैया को ओढ़ाई जाएगी चुनरी

# नर्मदा जयंती : महारुद्राभिषेक नर्मदा पुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा जयंती पर्व पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर हजारों नर्मदा भक्त श्रद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा में पुण्य की डुबकी लगाकर नर्मदा जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाएगें।

मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में 19 जनवरी से प्रारंभ हुए नर्मदा जयंती महोत्सव के अंतर्गत चल रहे महारूद्राभिषेक, श्री नर्मदा पुराण कथा के समापन पर आश्रम में भंडारा, ऋषिश्वर महिला मंडल द्वारा नर्मदा मैया को चुनरी अपर्ण करने के साथ दीपदान, महाआरती की जाएगी।

मांगरोल आश्रम में प्रतिदिन रूढ़ी निर्माण, महारूद्राभिषेक का धामक आयोजन चल रहा है। इसी के साथ महामंडलेश्वर पूज्य ब्रम्हचारी जी के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को नर्मदा पुराण कथा श्रवण कराया गया।

पिछले 2 दशकों से ऋषिश्वर महिला मंडल जामगढ़ द्वारा नर्मदा जंयती पर चुनरी ओढाने की परंपरा बनी हुई है। रविवार की दोपहर में मंगलेश्वर आश्रम में नर्मदा जंयती पर विशाल भंडारा होगा। शाम को नर्मदा मैया में दीपदान, महाआरती के कार्यक्रमों में हजारों नर्मदा भक्तो की उपस्थिति रहेगी।

# मतदाता सूची से मुस्लिमों के नाम कटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान फर्जी आपत्तियां एवं भारी संख्या में मुस्लिमों के नाम मतदाता सूचियों से हटाने से असंतोष का माहौल बना है। शुक्रवार को नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग तहसील कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**मुस्लिम समाज के लोगों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**



### मुस्लिमों में असंतोष का माहौल

सैकड़ों मुस्लिम रैली के रूप में तहसील कार्यालय पंहुचे जहां तहसीलदार रामजी लाल वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा मुस्लिम मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने फर्जी आपत्तियां दर्ज की गई है। बीएलओ पर दबाव भी बनाया गया। भारी संख्या में मुस्लिम मतदाताओं के नाम सूचियों से गायब हो जाने से असंतोष बना हुआ है।

# नप अध्यक्ष ने किया सड़क का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

शनिवार को नगर परिषद सांची के वार्ड नंबर 13 डॉ. हेडगेवार कॉलोनी में नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार तथा वार्ड पार्षद सुनील जैन के द्वारा सीसी सड़क जिसकी लागत 2 लाख 80 हजार रुपए से निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य शिव मंदिर से सुनील कपूर के घर तक किया जाएगा।

इस कार्य के भूमिपूजन में कॉलोनी के वरिष्ठ लोगों में भाग लिया। जिसमें लल्लन ओझा भूतपूर्व पुलिस अधिकारी, रजनीश श्रीवास्तव प्रेमप्रकाश राय, जसवंत वकील, शेरसिंह राजपूत, पूरन कुशवाह, सुनील कपूर, आशीष दीवान, महेश पाल, विशाल, अजय, आकाश चौहान, बाबूभाई आदि लोग मौजूद रहे।



# सात दिवसीय सहस्त्र चंडी यज्ञ का विधिविधान से आज होगा समापन

## लगातार 30 सहस्त्र चंडी यज्ञों में मुख्य यजमान बने मिश्रा दंपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

यह कहा जाता है कि यदि व्यक्ति के जीवन में धर्म के प्रति सच्ची आस्था, निष्ठा और श्रद्धा हो, तो ईश्वर स्वयं उसके मार्ग प्रशस्त करते हैं। सिलवानी तहसील के चुन्हेटिया ग्राम निवासी मिश्रा दंपति इसका सजीव उदाहरण हैं।

धार्मिक साधना, अनुशासन और समर्पण के बल पर मिश्रा दंपति ने लगातार 30 सहस्त्र चंडी यज्ञों में मुख्य यजमान का दायित्व निभाकर न केवल अपने ग्राम बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि अत्यंत विरल मानी जाती है, क्योंकि बहुत कम दंपती इस प्रकार निरंतर इतने वर्षों तक यज्ञों में मुख्य यजमान की भूमिका निभा पाते हैं।



ग्राम चून्हेटिया निवासी अरविंद्र मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी रामवती मिश्रा के जीवन का प्रत्येक क्षण धर्म, साधना और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ है। उनके रोम-रोम में धार्मिक आस्था, श्रद्धा और निष्ठा विद्यमान है। सांसारिक दिखावे और भौतिकता से दूर रहकर मिश्रा दंपति ने सदा सादगी पूर्ण जीवन को अपनाया है। यही कारण है कि उनका अधिकांश समय यज्ञ, पूजा-पाठ, अनुष्ठान एवं धार्मिक आयोजनों में व्यतीत होता है। यज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को संपन्न होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## किसानों ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

# बिजली बिल वसूली में सख्ती से किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

क्षेत्र में बिजली की बकाया राशि की वसूली में बरती जा रही सख्ती पर किसान संगठन के नेता गगन गौर ने जेई साहब को फोन कर आपत्ति दर्ज करानी चाही तो उनके साथ तथाकथित एसी द्वारा अभद्र व्यवहार किया।

किसान संगठन नेता गगन गौर ने जब बिजली बिल वसूली के लिए बिजली विभाग के चयनित समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि फसल आ जाने दीजिए फिर आप वसूली कीजिए तो तथाकथित एसी का कहना है सरकार लाडली बहना और किसान सम्मान निधि के पैसे सरकार दे रही है उससे बिजली का बिल जमा करो।

किसान संगठन नेता द्वारा बिजली विभाग के जेई से आग्रह किया कि वे समस्या की गंभीरता को देखते हुए बीच का रास्ता निकालें लेकिन इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेने के बजाय तथाकथित एसी ने पहले गाना सुनाना चाहा, उनका कहना है कि मैं गाना गाऊ या इससे बात करूं। विद्युत वितरण



कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा ऐसा बर्ताव गैर संवैधानिक है। किसानों ने तथाकथित अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है।

किसान संगठनों ने कहा कि बिजली बिल समय पर जमा ना करने वालों में अधिकतर किसान हैं और इनमें भी 90 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान हैं।

### पानी के अभाव में नष्ट होने के कगार पर फसल

संगठनों ने कहा है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अचानक ही सख्ती किए जाने के कारण किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। क्योंकि जिन गांवों का ज्यादा बिल बकाया है वहां पर पूरे गांव की बिजली काटी जा रही है। इस कारण गांव में पानी की सप्लाई के साथ अगले सप्ताह शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। साथ ही खेतों में खड़ी फसल और सब्जियां लगाने वाले किसानों की फसल पानी के अभाव में नष्ट होने की कगार पर है।

ऐसे में बिजली बिल वसूली में अति सख्ती न की जाकर अधिकारियों को किसानों के प्रति संवेदनशील रुख अपनाया जाना चाहिए ताकि आक्रोश के कारण पैदा होने वाली अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### इनका कहना है

मामला संवेदनशील है जिम्मेदार अधिकारियों का व्यवहार गैर संवैधानिक है। इसकी जांच के लिए विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखूंगा परीक्षा समय नजदीक है विद्युत सप्लाई शीघ्र चालू हो इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जाएगा।

- **नरेश सिंह राजपूत,** तहसीलदार गैरतगंज।